Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 36 | शुक्रवार , 06 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## स्थापित होंगी हाइटेक लैब

# ललितपुर और नोएडा को ग्लोबल फार्मा हब बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।**


प्रदेश को फार्मा हब बनाने को लेकर सरकार ने निवेशकों के सामने सहूलियतों व संसाधनों का रोडमैप रखकर उन्हें आकर्षित करने का प्रयास किया है। पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित फार्मा कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मा कंपनियों के सामने बेहतर वातावरण देने का भरोसा दिया था, जिसके बाद निवेशकों की चहलकदमी प्रदेश में बढ़ी है। सरकार ने लखनऊ में विश्वस्तरीय फार्मा इंस्टीट्यूट खोलने, ललितपुर और नोएडा को ग्लोबल फार्मा हब व बरेली समेत कई जिलों में फार्मा पार्क बनाने का लक्ष्य रखा है। शासन की गाइडलाइन के मुताबिक, रेड और आरेंज श्रेणी की बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां अब नोएडा के साथ ललितपुर में प्लांट लगा



सकेंगी। ललितपुर में एक फ्यूचर-रेडी फार्मा ईकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 352.91 एकड़ क्षेत्र में फामुर्लेशन इकाइयों, बल्क ड्रग्स और कामन इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम जारी है। द्वितीय चरण के तहत 1465 एकड़ के विकास के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जारी किया जा चुका है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मौजूदा मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट सेक्टर-7 में 250 एकड़ में एक और फार्मा फामुर्लेशन पार्क प्रस्तावित है, जहां विश्वस्तरीय प्रयोगशालाएं होंगी। फार्मा कॉन्क्लेव में फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइस क्षेत्र में करीब दस हजार करोड़ रुपये के निवेश को लेकर 11 समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि सालभर में सरकारी केंद्रों की ओपीडी पर 50 करोड़ मरीज पहुंचते हैं, जबकि इसके सापेक्ष यूपी में दवा उत्पादन कम है। ऐसे में प्रदेश में फार्मा सेक्टर को लेकर अपार संभावनाएं हैं।

## संबंधित पक्ष लगातार संपर्क में

# चाबहार पर अमेरिकी नीतियों के प्रभावों को दूर करने सभी पक्षों से वार्ता जारी



**नई दिल्ली।**

सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि वह चाबहार परियोजना में भारत की भागीदारी पर अमेरिकी प्रतिबंधों या टैरिफ नीतियों में हाल ही में हुए बदलावों के प्रभावों को दूर करने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ "लगातार संपर्क में" है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार से पूछा था कि क्या उसने ऐसे परिणामों का आकलन किया है। कांग्रेस नेता ने पिछले पांच वर्षों में ईरान में चाबहार बंदरगाह परियोजना के विकास और संचालन पर भारत द्वारा आवंटित धनराशि और खर्च की गई राशि के बारे में भी पूछा था। विदेश मामलों के राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब में कहा, "13 मई 2024 को चाबहार बंदरगाह के शाहिद बेहेश्टी टर्मिनल को सुसज्जित करने और संचालित करने के लिए इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन के बीच हस्ताक्षरित मुख्य अनुबंध के अनुसार, भारत ने बंदरगाह से संबद्ध आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए 12 करोड़ डालर का योगदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी कर ली है।" उन्होंने आगे बताया कि अंतिम किश्त 26 अगस्त, 2025 को हस्तांतरित की गई थी। खरगे ने विदेश मंत्रालय से यह भी पूछा था कि क्या पिछले दो वर्षों में चाबहार बंदरगाह परियोजना में भारत की भागीदारी के संबंध में अमेरिका या अन्य संबंधित साझेदारों के साथ कोई राजनयिक बातचीत हुई थी। उन्होंने परियोजना में भारत की भागीदारी जारी रखने के लिए विचाराधीन "आपातकालीन योजनाओं" का विवरण मांगा था।

## केंद्र, राज्य जीएसटी ई-वे बिल सुधारों पर कर रहे काम




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ई-वे बिल ढांचे में सुधार के लिए राज्यों के साथ बातचीत कर रही है। इस पर जीएसटी परिषद की अगली बैठक में चर्चा होगी। पिछले सप्ताह जारी आर्थिक समीक्षा में कहा गया था कि जीएसटी सुधारों में अगली कड़ी ई-वे बिल प्रणाली को केवल प्रवर्तन और नियंत्रण के साधन के बजाय सुगम माल ढुलाई के साधन के रूप में दोबारा परिभाषित करने पर केंद्रित हो सकती है। ई-वे बिल सुधारों से माल ढुलाई व्यवस्था का काफी हद तक विनियमन कम होगा। इससे व्यापार के लिए लागत और देरी कम होगी।

## डीजीपी की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने में राज्यों की देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर




**नई दिल्ली।** पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजने में कई राज्यों की ओर से अत्यधिक देरी पर गंभीर रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को ऐसे मामलों को उसके संज्ञान में लाने के लिए अधिकृत किया। शीर्ष अदालत ने यूपीएससी को एक बैठक बुलाने और तेलंगाना के लिए डीजीपी की नियुक्ति की सिफारिश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। राज्य पिछली बार नियमित डीजीपी 2017 में सेवानिवृत्त हुए थे।

# आसाराम आश्रम के अवैध हिस्से पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।**

साबरमती नदी किनारे मोटेरा गांव के तालाब की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए आसाराम आश्रम के अवैध हिस्से को ढहाया जाएगा। गुजरात हाई कोर्ट ने आसाराम आश्रम की याचिका गुरुवार को खारिज कर प्रशासन को अवैध अतिक्रमण हटाने की मंजूरी दे दी। याचिका में सरकार द्वारा शहर के मोटेरा क्षेत्र में भूखंड को कब्जा मुक्त करने के प्रयास के खिलाफ आपत्ति जताई गई थी। यह भूखंड नरेन्द्र मोदी स्टेडियम और निमार्णाधीन सरदार पटेल खेल परिसर से कुछ ही दूरी पर है। अदालत के इस फैसले से 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का मार्ग प्रशस्त हुआ।



सरदार पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का विस्तार हो सकेगा। गुजरात सरकार व अहमदाबाद महानगरपालिका 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के लिए प्रयासरत है। याचिका के खिलाफ सरकारी वकील जीएच विर्क ने जस्टिस वैभवी नानवती की एकल पीठ को बताया कि यह यह अचानक की गई कार्रवाई नहीं है। आश्रम को नोटिस दिया व सुनवाई का पूरा मौका दिया गया। दशकों पहले यह जमीन सीमित धार्मिक उपयोग के लिए दी गई थी लेकिन, धीरे-धीरे अतिक्रमण करके आश्रम का विस्तार किया गया, इसे वैध नहीं ठहराया जा सकता। सरकारी वकील ने कहा कि जमीन इस शर्त पर आवंटित की गई थी कि इसका इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों और अनधिकृत निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा और अनुमति संबंधी शर्तों का सख्ती से पालन किया जाएगा लेकिन निरीक्षण से पता चला कि आवंटित क्षेत्र से कहीं अधिक व्यापक निर्माण और कब्जा हो चुका है।

अहमदाबाद 2030 के राष्ट्रमंडल खेल की तैयारी कर रहा है और ओलंपिक के लिए दीर्घकालिक आकांक्षाओं को बढ़ावा दे रहा है, ऐसे में राज्य द्वारा भूमि को पुनः प्राप्त करने का प्रयास क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास के प्रयासों को बढ़ावा देता है। इसके बाद हाई कोर्ट ने आश्रम द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

## गुजरात में हुक्का और शराब पार्टी के दौरान छापा, 43 गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक विला में आयोजित हुक्का और शराब पार्टी के दौरान पुलिस ने 43 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया और 38 महिलाओं को हिरासत में लिया। पार्टी स्थल से शराब की बोतलें, हुक्का, कारें और मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 2.3 करोड़ रुपये है।

अधिकारी ने बताया कि बुधवार आधी रात के समय विला में आयोजित शादी की सालगिरह पार्टी के दौरान कार्रवाई की गई। गुजरात में शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के एक व्यक्ति ने गुरुवार रात सानंद के पास अपने साले की शादी की 25वीं सालगिरह मनाने के लिए पार्टी आयोजित की।

## 22 जवानों के बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी ढेर, 12 ने छोड़े हथियार



**बीजापुर।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 2021 में टेकुलुगुडम मुठभेड़ में 22 जवानों के बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी उधम च्सह गुरुवार को बीजापुर में मुठभेड़ में मारा गया। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम था। घटनास्थल से एक एके 47 और विस्फोटक बरामद हुए हैं।

सुरक्षा बलों की माओवादियों के साथ चिन्नागेलूर जंगल में मुठभेड़ हुई। एसपी डा. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि माओवादी उधम सिंह दक्षिण बस्तर डिवीजन का सदस्य था। उसके मारे जाने के बाद एरिया कमेटी नेतृत्व विहीन हो गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पापाराव एकमात्र जीवित जोनल सदस्य है, जिसकी तलाश जारी है। एसपी जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इसके साथ ही साउथ सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 12 माओवादियों ने हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापसी की है। उन पर कुल 54 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वर्ष 2026 में 11 माओवादी ढेर हुए हैं। पुलिस के अनुसार, एक जनवरी 2024 से अब तक बीजापुर जिले में 888 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। 1,163 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 231 माओवादी विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

## 6 जिलों से 18 छात्र निष्कासित और 2 फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**पटना।**

राज्यभर के सभी केंद्रों पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा तीसरे दिन गुरुवार को शांतिपूर्ण संचालित हुई। तीसरे दिन छह जिलों से 18 नकलची पकड़े गए। नवादा जिले से सबसे अधिक 11 परीक्षार्थी कदाचार के आरोप में निष्कासित किए गए। वहीं, भोजपुर व जहानाबाद से दो-दो, पटना, अरवल व गोपालगंज से एक-एक



परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। वहीं, दो फर्जी परीक्षार्थी भी पकड़े गए। इसमें रोहतास व नवादा में एक-एक फर्जी परीक्षार्थी शामिल है। शेष अन्य जिलों से निष्कासन की संख्या शून्य रही।

## ऊर्जा नीति पर भारत का 'नेशन फर्स्ट' रुख, ट्रंप के दबाव को दरकिनार कर भारत ने दिया जवाब


**नई दिल्ली।**

भारत ने गुरुवार को कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और वेनेजुएला से कच्चा तेल की खरीद के विकल्प पर विचार समेत ऊर्जा स्त्रोत को लेकर उसकी रणनीति मुख्य रूप से इसी बात पर आधारित है। विदेश मंत्रालय का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के कुछ दिन बाद आया है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका व वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गया है। विदेश



मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जहां तक भारत की ऊर्जा खरीद का सवाल है तो सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

# घने कोहरे की चादर में लिपटा दिल्ली-एनसीआर, 50 मीटर तक सिमटी विजिबिलिटी



**नई दिल्ली।**

राजधानी और आसपास के इलाकों में शुक्रवार सुबह मौसम ने रफ्तार थाम दी। घने कोहरे की वजह से कई स्थानों पर दृश्यता 50 से 100 मीटर तक सिमट गई। पालम और सफदरजंग सहित प्रमुख इलाकों में कम विजिबिलिटी का असर सड़क यातायात पर साफ दिखा, जबकि कुछ उड़ानों और ट्रेनों के संचालन में भी देरी की सूचना है। मौसम विभाग ने दिन के शुरूआती घंटों में घने कोहरे और ठंडी हवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया है। हालांकि, दोपहर तक कोहरा छंटने और हल्की धूप निकलने की संभावना है। आसमान में आंशिक बादल बने रह सकते हैं, लेकिन दिन के समय धूप से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। आज न्यूनतम तापमान 10 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चल सकती हैं। ऐसे में सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस होगा। मौसम शुष्क रहने का अनुमान है और फिलहाल बारिश की संभावना नहीं जताई गई है। 7 और 8 फरवरी को भी सुबह के समय कोहरा और दिन में सर्द हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है। 10 फरवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे ठंड में कुछ कमी आने के संकेत हैं।

## संपादक की कलम से

# मयार्दा हनन का सदन


ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना जवाब नहीं दे सके। राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में प्रधानमंत्री अपनी बात सदन में नहीं रख सके, जबकि वह सदन के नेता भी हैं। संसदीय इतिहास में यह अभूतपूर्व विडंबना है और देश की संसदीय व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। चूंकि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की कथित किताब के अंश सदन में पढे की अनुमति नहीं दी, लिहाजा विपक्ष उबल रहा है। विरोध और गुस्से में, सदन में ही, पोस्टर-बैनर लहराए जा रहे हैं। यह कानून और संविधान का उल्लंघन है। कुछ नारे भी आपत्तिजनक हैं। संसद में हंगामा हो रहा है। क्या यही न्यू नॉर्मल है? कमोबेश हंगामे के आसार की सूचना गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को दी होगी! गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष के नेताओं से भी बातचीत की, लेकिन कोई बर्फ नहीं पिघली। स्पीकर ओम बिरला ने अपने चैंबर में भी पक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक बुलाई थी, लेकिन वहां भी उग्र और उत्तेजित संवाद हुआ, नतीजतन हंगामा जारी रहा। हमने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में देखा है कि जब प्रधानमंत्री बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो विपक्ष का हंगामा खामोश हो जाता है। यह आचार-संहिता भी है, परंपरा भी है और प्रधानमंत्री पद के प्रति सम्मान भी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी नहीं, एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इससे पहले भी विपक्ष के हंगामे, शोर, नारेबाजी के बीच ही अपना भाषण देना पड़ा था। इस बार भी विपक्ष जबरदस्त विरोध पर आमादा है, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और विपक्ष के 8 सांसदों को सत्र भर के लिए निलंबित कर दिया गया है। जहां तक निलंबित सांसदों का सवाल है, हमारा मानना है कि ऐसे सांसदों की सांसदी ही बर्खास्त कर दी जाए। उसके लिए नियम-कानून में संशोधन किया जा सकता है। जिस तरह विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर कागज की चिन्दियां स्पीकर के आसन पर फेंकी थीं और मेजों पर चढ़ कर हुड़दंगी नृत्य किया था, कमोबेश सदन में वह अक्षम्य होना चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के कार्यकाल में, राज्यसभा में भी, ऐसे हुड़दंग मचाए जा चुके हैं। वहां भी सांसद निलंबित किए गए थे। यदि विपक्ष की यही विरोध-शैली बन गई है, तो यकीनन यह अराजकता, मयार्दाओं का हनन, अनुशासनहीनता और सदन के अध्यक्ष का अपमान है। संसद ऐसे हुड़दंगियों का सदन नहीं बनाई जा सकती। दलीलें दी जाती रही हैं कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने भी ऐसे ही हंगामे मचाए थे, नतीजतन पूरे सत्र ही धुल गए थे। ऐसे अतीत आज प्रासंगिक नहीं हैं। हम संसद के भीतर ऐसे विरोध, हंगामे को न तो अभिव्यक्ति की आजादी मानते हैं और न ही विपक्ष का विशेषाधिकार मानने को तैयार हैं। लोकसभा में ही वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भारत-अमरीका व्यापार समझौते पर, विपक्षी शोर के बीच ही, अपना वक्तव्य पढ ?ा पड़ा। ऐसी संसद का औचित्य क्या है? यह कोई अखाड़ा नहीं, भारत के लोकतंत्र का सर्वोच्च और गरिमापूर्ण मंदिर है, सर्वोच्च पंचायत भी है। संभवत: प्रधानमंत्री मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलेंगे। यदि उच्च सदन में भी विपक्ष की वही चिल्ल-पौं हुई, तो क्या होगा? यह आलेख लिखे जाने तक प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में नहीं बोल पाए थे। अंतत: लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कराना पड़ा। संसद के भीतर यह भी कर लो, क्योंकि एक घंटे में दसियों विधेयक, बिना चर्चा के, इसी सदन में पारित किए जाते रहे हैं। बहरहाल, संसद में जो हो रहा है, वह निरंकुशता और उच्छृंखलता है।

## उदय किशोर साह



### तेरे बिना ये दिल है बावला

कविता

ढुँढ् रही है मेरी सूनी आँखें तुमको जानम
फीकी लग रही है ये वरसती पावन सावन
वन उपवन ये पर्वत बैठा है आज उदास
किस वैरी के आँगन में कर रही हो तुँ वास

तेरे बिन ये रात रो रही करती है विलाप
किस पाप की ये रूत पा रही है ये श्राप
अँधेरी रात जाग कर देख रही है तेरी आस
मेरा दिल कह रहा है तुँ हो कहीं आस पास

दु :खी दिल की सुन लो दिल की आज पुकार
कर दो जानम मेरे मन की बगिया को गुलजार
पत्ते पत्ते से पूछ लो मेरे मन में कितना है प्यार
मत कर मेरे प्यार से तुम कोई भी अब तकरार

आस की दीप जलाये बैठा हूँ घर के चौखट पे
वापस आ जा तूँ सब गिले शिकवे भुला के
तेरे बिना ये घर आँगन भी है कितनी सूनी सूनी
लगता है इस मौसम को लग गया है रोग पूनी

मत लो तुम हमसे प्यार में कोई भी बदला
मैं तेरे प्यार में बन गया हूँ प्रेमी एक पगला
तेरे बिन ये घर का आँगन भी है बड़ा बावला
तेरे बगैर दिन की रोशनी है दिखता है सांवला

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# दूरदृष्टि और विकास का संतुलन : आम बजट में भविष्य की स्पष्ट झलक

वेलकम इंडिया


एस. एन. सिंह
प्रवक्ता, बीजेपी

हाल ही में प्रस्तुत आम बजट केवल वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह भारत के आर्थिक और सामाजिक भविष्य की दिशा को स्पष्ट करने वाला नीतिगत दस्तावेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस बजट के माध्यम से यह संकेत दिया है कि देश की आर्थिक नीति तात्कालिक लाभ से आगे बढ़कर दीर्घकालिक, टिकाऊ और समावेशी विकास पर केंद्रित है। बजट की मूल भावना निवेश-आधारित विकास को गति देने की है। बुनियादी ढांचे, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल कनेक्टिविटी पर सरकार का निरंतर जोर इस बात को रेखांकित करता है कि आर्थिक वृद्धि के लिए मजबूत आधारभूत संरचना को सरकार प्राथमिकता मानती है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को विकास का इंजन बनाकर निजी निवेश को प्रोत्साहित करने की रणनीति प्रधानमंत्री मोदी की उस दूरदर्शिता को दशार्ती है, जिसमें सरकार उत्प्रेरक की भूमिका निभाती है और अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक गति प्रदान करती है।

निर्माण और उत्पादन क्षेत्र के लिए बजट में किए गए प्रावधान मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सोच को आगे बढ़ाते हैं। उन्नत तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, हरित ऊर्जा और नवाचार आधारित उद्योगों को समर्थन देकर सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि भारत केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक उत्पादन और मूल्य-श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बनना चाहता है। यह नीति न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा देती है, बल्कि निर्यात क्षमता को भी मजबूत करती है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए बजट में किए गए उपाय विशेष उल्लेख के योग्य हैं। आसान ऋण उपलब्धता, संस्थागत सहयोग और व्यावसायिक मार्गदर्शन जैसे कदम छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता भी इस बजट में स्पष्ट दिखाई देती है। कृषि अवसंरचना, ग्रामीण कनेक्टिविटी और आय-वर्धन से जुड़ी पहलों के माध्यम से सरकार ने यह संदेश दिया है कि विकास की धारा शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि गांवों तक समान रूप से पहुँचे। यह समावेशी दृष्टिकोण सामाजिक स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। सामाजिक क्षेत्रों—विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास—में निवेश यह दशार्ता है कि सरकार आर्थिक प्रगति को मानवीय विकास से अलग नहीं देखती। स्वस्थ, शिक्षित और कुशल नागरिक ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक पूंजी होते हैं। इस दिशा में बजट के प्रावधान दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों को साधने वाले हैं।

कुल मिलाकर, यह आम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीति-स्पष्टता, वित्तीय अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह बजट वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ भविष्य के अवसरों के लिए भारत को तैयार करने का प्रयास करता है। कहा जा सकता है कि यह बजट विकास, विश्वास और दूरदृष्टि का संतुलित दस्तावेज है, जो देश को आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते। छेत्तु: पार्श्वगताच्छायां नोपसंहरते द्रुमः ॥-


गोंदिया

वर्ष 1959 में रिलीज हुई पैगाम फिल्म में गायक लेखक कवि प्रदीप का गीत इंसान को इंसान से हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा, यही पैगाम हमारा गीत को इंसानी रिश्ते मजबूत करने के परिपेक्ष में खासकर युवाओं को सुनना चाहिए क्योंकि वह हमारे भविष्य हैं क्योंकि खूबसूरत अनमोल पृथ्वी पर भारत देश की हजारों वर्ष से यह अनमोल वसीयत रही है कि हमारी हमारे पूर्वजों सहित हम अपने निजी और सार्वजनिक रिश्तो को निभाने में वैश्विक स्तरपर सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। मेरा मानना है कि हमारी अनेक विरासतों में से एक परिवार, समाज, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में खूबसूरत सकारात्मक रिश्ते कायम रखने में भारत को महारत हासिल है। हम भारतवासी संबंधों को कायम रखने में आने वाली बड़ी से बड़ी समस्याओं को शांतिप्रिय, सकारात्मक वाणी, व्यवहार, हृदय से समाधान की ओर ले जाते हैं जो हमारे लिए वैश्विक स्तरपर प्रतिष्ठा का प्रतीक है परंतु आज के बदलते परिपेक्ष में रिश्ते निभाने के अनेक गुणों में सहनशीलता, सहिष्णुता, उद्धारदिली माफी का जज्बा, छोटा देखने कीदरियादिली में अपेक्षाकृत पायदान से नीचे घसने की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे तात्कालिक रेखांकित करना जरूरी है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ रिश्ते, आतिथ्य सत्कार मजबूती से निभाने पर गंभीरता से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में सिकुड़ते परिवारों, टूटते रिश्तों, बढ़ती वैचारिक खाई की करें तो, आजकल जहां देखो वहीं छोटी छाटी बातों पर टकराव और विवाद नजर आते हैं। फिर चाहे स्थान हमारा घर हो, ऑफिस या फिर व्यापारिक क्षेत्र, कारण मतभिन्नता हैं। जिसके चलते सास बहू के बीच खींचा तानी, पति पत्नी में बहस, पिता पुत्र का झगड़ा और चाहे बॉस एम्प्लौयी के बीच झड़प होती है। कई बार इन समस्याओं से परेशान होकर हम रत्न धारण कर लेते हैं, लेकिन सिर्फ रत्न पहनने से या कोई जप करने मात्र से वे संबंध नही सुधर सकते। हमारे संबंध अपने आचरण और अपने व्यवहार में परिवर्तन से सुधरेंगे, तभी हम संबंधों में मधुरता ला पाएंगे, याने बात सह गए तो रिश्ते रह गए बात कह गए तो रिश्ते ढह गए।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को गंभीरता से संभालने जोड़ने की करें तो सहनशीलता सहिष्णुता और त्याग का मंत्र अपनाना होगा। यदि हम पीड़ित है तो हमें स्वयं से परेशानियां होती हैं, जानबूझकर गलतियां दोहराई जाती है।जिसका उपाय स्वयं से मैत्री करें, आत्मनिरीक्षण करें स्वयं की गलतियों और खूबीयों को पहचान कर जातक स्वयं की उन्नति कर सकता है। पीड़ित होने से कुटुंब परिवार समाज में विवाद बने रहते हैं। बात बात पर कलह की स्थिति बनती रहती है। इससे उबरने के उपाय हैं, अहंकार दबाकर, सबसे विनम्रता से पेश आएं। छोटों से प्यार करें, बराबर वालों से मित्रता और बड़ों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करें।संस्कृति के श्लोक में भी आया है कि, अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते। छेत्तुः पार्श्वगताच्छायां नोपसंहरते द्रुमः॥

अर्थ-शत्रु भी यदि अपने घर पर आ जाए तो उसका भी उचित आतिथ्य सत्कार करना चाहिए, जैसे वृक्ष अपने काटने वाले से भी अपनी छाया को कभी नहीं हटाता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में पड़ोसियों की करें तो, कहते हैं कि पहला सगा पड़ोसी होता है, क्योंकि जब भी व्यक्ति पर कोई मुसीबत आती है तो उसके सगे-संबंधी व रिश्तेदार तो बाद में पहुंचते हैं, लेकिन पड़ोसी तुरंत मदद के लिए आता है। इसलिए कहा जाता है कि हर व्यक्ति को अपने पड़ोसियों से अच्छे संबंध बनाकर रखने चाहिए। लेकिन आज के समय में हम खुद में कुछ इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि हमें अपने आसपास रहने वाले लोगों का ख्याल ही नहीं आता। यहां तक कि जब भी रिश्तों की बात आती है तो हम पति, बच्चे या परिवार को ही महत्ता देते हैं। पड़ोसियों के साथ आपसी संबंधों को मधुर बनाने के बारे में शायद ही कोई सोचता हो। हालांकि उनके साथ भी रिश्ता उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को समय देने की करें तो, आज के समय में किसी भी रिश्ते के कमजोर होने की एक मुख्य वजह होती है समय का अभाव। खासतौर से, शहरों में तो बहुत से लोगों को यह तक पता नहीं होता कि उनके पड़ोस में कौन रहता है। इसलिए पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए आप थोड़ा समय निकालें। अगर आप कुछ खास व अलग बनाते हैं, तो अपने पड़ोसियों के साथ शेयर करें। इस तरह आपको उन्हें जानने का मौका मिलेगा। इसके अलावा आप चाहें तो उनके साथ एक मार्निंग वॉक का रूटीन भी बना सकतें हैं। गॉसिप करते-करते आपकी वॉक भी हो जाएगी। याद रखें कि किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए थोड़ा समय निकालने की जरूरत होती है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में कर्मचारियों और बॉस की करें तो, ऑफिस में कर्मचारी और बॉस के बीच मधुर संबंध होना सभी पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अगर हम अपने बॉस से अच्छे कामकाजी रिश्ते बनाकर रखते हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव हमारे करियर ग्रोथ पर पड़ता है।बॉस से हेल्दी रिलेशन बनाने का यह मतलब कतई नहीं है कि हम इस बात का फायदा उठाएं, हमेशा ध्यान रखें कि हम अच्छे कर्मचारी तभी कहलाएंगे जब हम अपनी सीमा में रहकर काम करेंगे, काम के प्रति सजग रहेंगे. वहीं बॉस के लिए भी ये जरूरी है कि वो भी अपने कर्मचारी के साथ अपने रिश्ते को हेल्दी रखें। दोनों के बीच मधुर संबंध हमारे वर्क प्लेस के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा साथ ही इसके सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में वैवाहिक जीवन की करें तो, कुछ लोगों के वैवाहिक जीवन में आये दिन जरा जरा सी बातों को लेकर अनबन होती रहती है। एक साथ रहने, एक दूसरे का हमेशा साथ देने का वादा करने वाले पति पत्नी जब मौका मिले छोटे बच्चों की तरह लड़ाई झगड़े करने लगते हैं। कभी कभी तो इनका विवाद तलाक तक पहुंच पाता है, और खुशहाली से भरा पूरा परिवार बिखर जाता है। साथियों बात अगर हम रिश्तो को समझने की करें तो, रिश्ते को बदलने से समस्या का समाधान जरूरी नहीं है। देर-सबेर हम किसी भी अन्य रिश्ते में एक ही स्थिति में होंगे, क्योंकि सभी रिश्तों में सबसे महत्वपूर्ण है हमारी अपनी भावनाओं की समझ, हमारा अपना मन, स्थिर होने की हमारी अपनी क्षमता, और देखने की हमारी अपनी क्षमता चीजों को व्यापक दृष्टिकोण से। और इसके लिए ज्ञान महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ज्ञान ही है जो हमको जीवन में शक्ति, स्थिरता और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। अधिकांश समय, हम एक संपूर्ण स्वस्थ संबंध के लिए कहीं और देखते हैं; बहुत कम लोग अपने भीतर देखते हैं, जहां से वे संबंधित हैं। एक अच्छा रिश्ता बनाने के लिए, हमको सबसे पहले यह देखना होगा हम खुद से कैसे संबंधित हैं। हमको अंदर देखने की जरूरत है।

साथियों दूसरों को देने के लिए कुछ जगह छोड़ दो

रिश्ते का मतलब समायोजन है, यह दे रहा है। लेकिन साथ ही दूसरे पार्टनर को देने के लिए कुछ जगह छोड़ दें। इसके लिए थोड़े कौशल की आवश्यकता होती है - दूसरे को भी बिना मांगे योगदान देने के लिए। अगर आप डिमांड करेंगे तो रिश्ता ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाला। मांग और दोष प्रेम को नष्ट कर देते हैं।

# जाति, न्याय और लोकतंत्र : एक असहज सच्चाई


प्रियंका सौरभ

भारत का लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक नैतिक संकल्प है—समानता, न्याय और बंधुत्व का। संविधान की प्रस्तावना इसी संकल्प का उद्घोष करती है। परंतु आज जब हम अपने चारों ओर देखते हैं, तो यह प्रश्न असहज रूप से सामने खड़ा होता है कि क्या हम उस संकल्प के साथ न्याय कर पा रहे हैं? या फिर लोकतंत्र का यह ढांचा भीतर से दरक चुका है, जहाँ कानून, व्यवस्था और सत्ता—तीनों ही जाति, वर्ग और पहचान की गिरफ़्त में हैं।

आज कानून बनते हैं, संशोधन होते हैं, नए-नए प्रावधान जोड़े जाते हैं, परंतु उनके पीछे की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक हो गया है। क्या ये कानून नागरिक के लिए हैं, या किसी विशेष समूह, वर्ग या वोट बैंक के लिए? जब विधायन का आधार तर्क और न्याय की जगह सामाजिक पहचान लेने लगे, तब लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ना तय है। कानून का काम समाज को जोड़ना है, लेकिन यदि वही समाज को खाँचों में बाँटने का माध्यम बन जाए, तो यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है। न्याय व्यवस्था की भूमिका किसी भी लोकतंत्र में सबसे पवित्र मानी जाती है। न्यायालय वह स्थान है जहाँ अंतिम उम्मीद जाकर टिकती है। लेकिन जब यह धारणा बनने लगे कि न्याय की दहलीज पर पहुँचने से पहले व्यक्ति की जाति, हैसियत और राजनीतिक संरक्षण देखा जा रहा है, तो विश्वास की नींव हिलने लगती है। न्याय केवल निर्णय नहीं होता; वह भरोसा होता है। और जब यह भरोसा टूटता है, तो उसका असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे समाज पर पड़ता है। आज न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, फैसलों में देरी, और कुछ मामलों में दिखता स्पष्ट या अप्रत्यक्ष पक्षपात—ये सब लोकतंत्र के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न हैं। लोकतंत्र के नाम पर सत्य का क्षरण एक धीमी लेकिन निरंतर प्रक्रिया है। यह एक दिन में नहीं होता। पहले असुविधाजनक सवालों को राष्ट्र-विरोधी कहा जाता है, फिर आलोचना को षड्यंत्र बताया जाता है, और अंततः सच बोलने वालों को हाशिए पर धकेल दिया जाता है। जब संसद में बहसें समाधान से अधिक शोर बन जाएँ, जब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सत्ता का विस्तार बन जाए, और जब सामाजिक विमर्श भावनाओं के उकसावे तक सिमट जाए—तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र केवल औपचारिक रूप से जीवित है, उसकी आत्मा संकट में है। समरसता की बातें हर मंच से होती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट दिखाई देती है। समाज में विभाजन गहराता जा रहा है—धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, भाषा और क्षेत्र के नाम पर। सत्ता इन विभाजनों को पाटने के बजाय, अक्सर इन्हें साधन की तरह इस्तेमाल करती है। फूट डालो और राज करो अब इतिहास की किताबों में दर्ज कोई औपनिवेशिक नीति नहीं रही, बल्कि समकालीन राजनीति की एक प्रभावी रणनीति बन चुकी है। जब जनता आपस में उलझी रहती है, तब सत्ता से सवाल करने की ताकत कमजोर पड़ जाती है। यह विडंबना ही है कि एक ओर जाति-पाति मिटाने की बातें होती हैं, दूसरी ओर हर राजनीतिक गणित जातिगत समीकरणों पर आधारित होता है। चुनावी टिकटों से लेकर नीतिगत फैसलों तक, जाति एक निर्णायक तत्व बनी हुई है।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी क्षेत्र के गांव भारसी में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया। जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के आह्वान पर आयोजित शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने फीता काटकर किया। शिविर में ए.डी. के जैन नेत्र अस्पताल, खेकड़ा (बागपत) से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की गहन जांच की। टीम में शामिल डॉ. सुधीर कुमार एवं डॉ. चांदवीर ने कैंप ऑगेर्नाइजर सानिया और मीनाक्षी विटी के सहयोग से मरीजों का परीक्षण किया। जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि जरूरतमंद मरीजों को चश्मे भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए ऐसे शिविर बेहद जरूरी हैं, जिससे लोगों को समय पर जांच और उपचार मिल सके। वहीं उद्घाटन अवसर पर मौजूद आरएलडी जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के ऐसे कार्यों से जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार, चौधरी राजवीर सिंह, सोमपाल पवार, जय कुमार, कपिल पवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में आंखों से संबंधित बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि लोग बेहतर दृष्टि और स्वस्थ जीवन जी सकें।

# रेंजर्स के लिए एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर शिविर का शुभारंभ वी फॉर्मेशन में माहाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ब्रजभूषण द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया।प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने बीपी सिक्स व्यायाम एवं योगा किया।शिविर की प्रथम पहर में रेंजर्स के लिए एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, देश भक्ति, देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान सैनी द्वितीय स्थान पर अन्नू एवं तृतीय स्थान पर रही। शिविर के दूसरे पहर सहभोज के अंतर्गत समस्त महाविद्यालय परिवार ने रेंजर्स के साथ सहभोज किया। महाविद्यालय की प्राचार्य महोदय ने रेंजर्स द्वारा आयोजित सहभोज की सराहना की। इसके साथ रेंजर्स प्रशिक्षक गीता रानी एवं सहायक गायत्री ने रेंजर्स को खोज के चिन्ह, सीटी के संकेत, अनुमान लगाना, गांठ बांधना टेंट लगाना आदि संबंधित जानकारी दी। यह सभी कार्यक्रम रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी के निर्देशन में किए गए।

## काली नदी किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में स्थित काली नदी के किनारे लगभग 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह के समय नदी किनारे शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और तरह-तरह की चचाएँ शुरू हो गईं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद कोई भी व्यक्ति शव की शिनाख्त नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है और शव कुछ समय से पड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस ने शव के फोटो जनपद के सभी थानों के साथ-साथ आसपास के जनपदों के थानों में भी भेज दिए हैं।

## हाईटेंशन लाइन से 1770 मीटर तार चोरी, ट्रांसफार्मर भी किया क्षतिग्रस्त, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गांव गढ़ी रक्खा से ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करने और कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से 1770 मीटर तार चोरी के मामलों में विद्युत विभाग के अवर अभियंताओं ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा एलम के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से करीब 1770 मीटर तार चोरी कर लिया। तार चोरी होने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई और विभाग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं दूसरी ओर गांव गंगेरू के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता किशोर कुमार ने भी थाने पर तहरीर दी है।

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, देवर-भाभी घायल, कार्रवाई की मांग



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे की इदरीश बेग विहार कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के देवर और भाभी घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इदरीश बेग विहार कॉलोनी निवासी नरगिस पुत्री शरीफ ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर पर बैठी थी। इसी दौरान उसकी भाभी अंजुम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अंजुम ने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद पहुंचे लोगों ने नरगिस के भाई छोटे और भाभी साहिना के साथ मारपीट कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर नई बस्ती मुस्तफाबाद निवासी एक महिला साजिदा पत्नी शमशाद ने भी थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि छोटे और सद्दाम ने उसके साथ मारपीट की है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पूरी सजगता और समर्पण भाव से करें एसआईआर का कार्य : शिपू गिरि

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी/नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नगर निगम स्थित मतदान केद्र पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण हेतु किये जा रहे कार्य की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीएलओ और अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग के आदेशों का अनुपालन करते हुए सजगता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पूरी तरह प्रयास किया जाए कि कोई भी मतदाता छूटने न पाए। अतिरिक्त चुनाव अधिकारी/नगरायुक्त शिपू गिरि ने ब्रहस्पतिवार की दोपहर नगर निगम भवन में चल रहे एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण हेतु किये जा रहे कार्य की सभी भाग संख्या डेस्को पर जाकर जानकारी ली। उन्होंने अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बीएलओ से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या तो नही आ रही है। कुछ बीएलओ ने बताया कि सूची से नाम न मिलने के मामले भी आ रहे है। इस पर उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उसके लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर नाम शुद्धिकरण कराने की जानकारी दें। उन्होंने मतदान केंद्र पर आने वाले लोगों से भी बात की।

# जिला कारागार में जेल अधीक्षक ने वन अधिकारियों के साथ किया पौधारोपण

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को जिला जेल पुलिस प्रशासन के साथ वन विभाग के अधिकारियों ने जिला कारागार में लगभग 50 पौधे लगाए। अधिकारियों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी बंदियों को दी। जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने बताया कि वृहस्पतिवार को लाल चंदन, आवंला व अन्य छायादार एवं फलदार के करीब 50 पौधों का रोपण किया गया है। कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है।इस दौरान अधिकारियों ने बंदियों और कर्मचारियों को पौधरोपण के संभालने की जिम्मेदारी भी सौंपी। वन विभाग के दरोगा निखिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्ष से जीवन है, यदि वृक्ष नहीं रहे तो पृथ्वी पर मनुष्य, पशु-पक्षी कोई नहीं बचेगा। पौधरोपण जीवन दायिनी है। इस दौरान डिप्टी जेलर अजीत चंद आदि मौजूद रहे।

# बसपा ही कर सकती समतामूलक समाज की असथापना - उदयभान गौतम



असदुल्लाह सिद्दीकी

**डूमरियागज/सिद्धार्थनगर।** प्रदेश की भाजपा सरकार दलित पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय के साथ साथ किसान नौजवान विरोधी सर्व समाज का सम्मान केवल बसपा की सरकार में होंगा उक्त बातें बसपा मंडल प्रभारी बस्ती मंडल उदयभान गौतम ने डुमरियागज स्थिति बैदौला में वृहस्पतिवार को आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 8 फरवरी को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थान भरवटया मुसतहकम में अपनी ताकत का दिखाई देना चाहिए इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहां कि आने वाला दिन बसपा है प्रदेश की जनता आशा भरी निगाहों से बहुजन समाज पार्टी व बहन जी को देख रही है पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि बहन जी है तो भरोसा है मुस्लिम समुदाय आप के साथ चलने को तैयार हैं केवल हमलोगो को आपसी भाईचारा कायम करने जरूरत है।इस दौरान मंडल प्रभारी इन्द्र जीत गौतम जिला सचिव, प्रिंस अंबेडकर, विजयपाल कन्नौजिया, मंटू गौतम, श्री राम बाबू, अशोक कुमार बौद्ध, गोविन्द गौतम, राज कुमार चौधरी, महेंद्र कुमार वरूण, रशीद खान, असरफ अली, राकेश कुमार गौतम, दिलीप कुमार गौतम, रामबक्स गौतम, संजय साहनी अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



असदुल्लाह सिद्दिकी

**तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज परिसर में बृहस्पतिवार को 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। वही नौवीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। शोहरतगढ़ एसडीएम विवेकानंद मिश्र ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में एक लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। शोहरतगढ़ सीओ मयंक द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह सभी छात्र-छात्राओं को आगे के भविष्य के लिए तैयार करें।विद्यालय के प्रबंधक अनुपम शुक्ल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ने की जरूरत है। युवाओं की बेहतरी के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है और इसका लाभ भी युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने की सलाह दी।इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, विदाई गीत, हास्य एकांकी,शिव तांडव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।इस दौरान प्रधानाचार्य रवि शुक्ल,आशाराम यादव अखिलेश पाण्डेय,जितेन्द्र शुक्ल,धन्नजय पाठक,सुमेरु गिरी, प्रदीप मौर्य,अजय यादव,सीतू गुप्ता,रेखा गुप्ता,लाडो शुक्ला,सुनैना सिंह,शिवानी तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अंतर्राज्यीय अपराध गिरोह पर संतकबीरनगर पुलिस की बड़ी चोट

# चोरी की चारपहिया गाड़ी, 20 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा व लगभग 5 लाख रु0 नकद बरामद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा सतीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय व प्रभारी सर्विलांस सेल अभिमन्यु सिंह के गठित टीम हे0का0 विवेक कुमार राय, हे0का0 अनूप कुमार राय, का0 अभिषेक सिंह, का0 दीपक सिंह, का0 सर्वेश मिश्रा, का0 वीर बहादुर यादव, का0 शुभम सिंह, का0 विवेक मिश्रा, का0 अरूण हलवाई, प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा सतीश कुमार सिंह, उ0नि0 सुरेश यादव, उ0नि0 राजीव कुमार सिंह, हे0का0 अजय कुमार सिंह, हे0का0 अमित कुमार सिंह, का0 अंगद यादव, का0 अनूप यादव, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, उ0नि0 अजीत कुमार, उ0नि0 धर्मनाथ यादव, का0 जितेन्द्र सोनी, का0 बलराम यादव, प्रभारी सर्विलांस सेल अभिमन्यु सिंह, हे0का0 रामललित, का0 ज्ञानप्रकाश सिंह, का0 अमरजीत मौर्य, का0 नितीश कुमार, का0 पीयूष गुप्ता ने बृहस्पतिवार को अभियुक्तगण रमेश शाह पुत्र बृजकिशोर शाह निवासी मोहम्मदपुर निर्मल टोला थाना माधोपुर जनपद गोपालगंज बिहार राज्य, मोहम्मद सिराज पुत्र स्व0 अजुल हकीमी निवासी बंगरा वाजीद थाना मरियारी जनपद मुजफ्फरपुर बिहार राज्य को बालूसाशन पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

# वृन्दावन में 100 मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन 16 व 17 फरवरी को

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित बी.एच.आर.सी. डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में उमंग केयर फाउंडेशन एवं चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 16 व 17 फरवरी को 2026 को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।जिसके अंतर्गत मोतियाबिंद से ग्रसित 100 व्यक्तियों की कुशल नेत्र चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क सर्जरी की जाएगी।

जानकारी देते हुए प्रमुख समाजसेवी अनिल चतुर्वेदी व "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि समाजसेवा के लिए

समर्पित हमारी संस्था उमंग केयर फाउंडेशन एवं चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति ब्रजभूमि में जीवन यापन कर रहे सन्त, ब्रजवासी, निर्धन-निराश्रित व असहायों की हर संभव मदद के लिए कृत संकल्पित है।इसी के चलते यह संस्था 16 व 17 फरवरी को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर रही है।

जिसमें जरूरतमंद नेत्र रोगी जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन 9412178154 व 9870938173 पर करा सकते हैं।

# जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया


**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त पत्रों तथा उनके निस्तारण की कार्यवाही का अवलोकन किया तथा रजिस्टरों का गहनतापूर्ण अध्ययन करते हुए निर्देशित किया कि समयबद्धता के साथ संबंधित प्रार्थी को निस्तारण आख्या से अवगत कराए। जिलाधिकारी ने स्वयं एक प्रार्थी को फोन किया और जानकारी ली कि उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना प्राप्त हो गई है या नहीं, जिसपर प्रार्थी द्वारा अवगत कराया गए कि उसे सूचना प्राप्त हो गई है। जलाधिकारी ने चरित्र प्रमाण पत्र के रजिस्टर का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि चरित्र प्रमाण पत्रों की पेंडेंसी को अभियान चलाकर एक सप्ताह में समाप्त करे तथा प्रभारी अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को अवलोकनार्थ प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे कार्यालय, नगरीय निकाय अनुभाग, संग्रह अनुभाग, न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट, विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ईडीएम कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगरीय निकाय अनुभाग में ऑनलाइन हैसियत के कार्य को चेक किया। उन्होंने चेक लिस्ट का अवलोकन किया। उन्होंने जानकारी ली कि हैसियत प्रमाण पत्र बनाने के लिए कितना शुल्क लगता है, जिसपर अवगत कराया गया कि उक्त आवेदन निःशुल्क है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में निर्देश दिए कि सभी कार्यालय अपने-अपने अभिलेखों का सुरक्षित रख-रखाव सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अभिलेखों के रख-रखाव के साथ-साथ अनावश्यक फाइलों को कार्यालय से हटाने के निर्देश दिए। शस्त्र अनुभाग निरीक्षण में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है वरासत में कोई भी लाइसेंस लंबित नहीं है। जिलाधिकारी ने भूलेख अनुभाग में विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त, रिटायरमेंट के उपरांत समस्त देयकों का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक अपडेट करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ईडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर बियोंड टाइम लंबित निवास, जाति, आय आदि प्रमाण पत्रों की जानकारी ली, जिसपर अवगत कराया गया कि कोई भी आवेदन बियोंड टाइम लंबित नहीं है। निरीक्षण में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, नगर मजिस्ट्रेट, कलेक्ट्रेट नाजिर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सामाजिक प्रतिनिधियों ने चिकित्सा अधीक्षक से की मुलाकात

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के एडवोकेट अक्षित शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) नेता एवं प्रदेश युवा उपाध्यक्ष हिमांशु त्यागी सहित विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों एवं जनसेवकों ने बिसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शचीन्द्र मिश्रा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी गंभीर समस्याओं को उनके समक्ष विस्तार से रखा गया तथा त्वरित समाधान की मांग की गई। मुलाकात के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, आवश्यक दवाइयों की अनुपलब्धता, मरीजों की बढ़ती संख्या के अनुपात में सुविधाओं का अभाव, साफ-सफाई व्यवस्था की कमी तथा आपातकालीन सेवाओं में आ रही कठिनाइयों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि ग्रामीण व शहरी गरीब जनता को समय पर समुचित इलाज न मिलने के कारण उन्हें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शचीन्द्र मिश्रा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उपलब्ध संसाधनों के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों को भी इन समस्याओं से अवगत कराकर अस्पताल में अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# प्राइम इंपैक्ट अचीवर अवार्ड 2026 सम्मान से सम्मानित हुए अधिवक्ता राजिंदर पाल सिंह



**एहसान अंसारी**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब रफी मार्ग में वोकल फोर लोकल टैलेंट प्रमोटर्स के द्वारा लॉ जॉइंट के फाउंडर राजिंदर पाल सिंह अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया को प्राइम इंपैक्ट अचीवर अवार्ड 2026 अवार्ड से सम्मानित किया गया किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री अशोक रावत जी रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री वनिता मलिक बॉलीवुड कलाकार, व कार्यक्रम आयोजक विपिन कुमार सिंह एवं पूनम सोनी के कर कमलों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे भारत के तमाम वीवीआईपीस के मध्य सम्मान किया जा रहा था उनके मध्य लॉ जॉइंट के फाउंडर राजिंदर पाल सिंह अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया का सम्मान हुआ, यह आप सबके प्यार और आशीर्वाद का ही परिणाम है। यह सम्मान उनको उनके लॉ जॉइंट और उनकी टीम के उत्कर्ष कार्य के लिए दिया गया अंत में कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों ने लॉ जॉइंट के फाउंडर राजिंदर पाल सिंह को बधाई दी। मुख्य अतिथि रहे सांसद अशोक रावत ने अधिवक्ता राजिंदर पाल सिंह को बधाई दी।

# विदाई समारोह पर आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, जूनियरों ने सीनियरों को दी भावभीनी विदाई



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मुकुंद विहार, गिरधरपुर रोड स्थित एमएनटी इण्टर कॉलेज में गुरुवार को कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा-11 के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच अटूट स्नेह की झलक देखने को मिली। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अपने स्कूल के अंतिम दिन साथी और गुरुओं से बिछड़ते समय कई छात्र भावुक हो उठे। प्रबंधक ठाकुर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि छात्र जीवन में अच्छे संस्कार और उच्च शिक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या मीनाक्षी सिंह ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने को कहा। उपप्रधानाचार्य शैलेंद्र गौतम ने विदा हो रहे छात्रों को बोर्ड परीक्षा में होने वाली समस्याओं के समाधान बताए और विषय से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। शिक्षा समिति की अध्यक्ष दुर्गेश राघव ने भावुक छात्र-छात्राओं का ढांढस बंधाया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने सीनियरों को स्मृति चिह्न और उपहार भेंट किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

# कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी: 21 दिवसीय नर्सरी उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का सफलतापूर्व समापन



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी पर 21 दिवसीय रोजगार परक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 जनवरी 2026 को किया गया था और 5 फरवरी 2026 को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंड से 25 लोगों ने प्रतिभाग किया।इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के केंद्र प्रभारी डॉ श्री प्रकाश सिंह ने नर्सरी उत्पादन तकनीक से स्वरोजगार और नई उद्यमिताओं के बारे में विशेष चर्चा की। इसी कड़ी में प्रशिक्षण समन्वयक एवं उद्यान वैज्ञानिक डॉ मनीष पांडे ने नर्सरी उत्पादन से जुड़ी नवीनतम जानकारियां दी।डॉ राहुल कुमार सिंह ने भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सब्जियों की नर्सरी उत्पादन के बाजारीकरण पर व्याख्यान दिया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक डॉ अमितेश कुमार सिंह ने नर्सरी उत्पादन में खाद एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ प्रतीक्षा सिंह, डॉ पूजा सिंह, एवं केंद्र के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।


# *कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी: 21 दिवसीय नर्सरी उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का सफलतापूर्व समापन

**मिजार्मुराद।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी पर 21 दिवसीय रोजगार परक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 जनवरी 2026 को किया गया था और 5 फरवरी 2026 को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंड से 25 लोगों ने प्रतिभाग किया।इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के केंद्र प्रभारी डॉ श्री प्रकाश सिंह ने नर्सरी उत्पादन तकनीक से स्वरोजगार और नई उद्यमिताओं के बारे में विशेष चर्चा की। इसी कड़ी में प्रशिक्षण समन्वयक एवं उद्यान वैज्ञानिक डॉ मनीष पांडे ने नर्सरी उत्पादन से जुड़ी नवीनतम जानकारियां दी।डॉ राहुल कुमार सिंह ने भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सब्जियों की नर्सरी उत्पादन के बाजारीकरण पर व्याख्यान दिया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक डॉ अमितेश कुमार सिंह ने नर्सरी उत्पादन में खाद एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ प्रतीक्षा सिंह, डॉ पूजा सिंह, एवं केंद्र के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।


# सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव क्या बदला है और यह क्यों जरूरी है- सौरभ गर्ग

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है जिसे आम लोग रोजमर्रा की ज़िंदगी में सीधे महसूस करते हैं जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल, डीजल के खर्च में बढ़ोतरी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है ` यह उन चीजों और सेवाओं के दाम देखता है जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज करता है सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ ` सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं ताकि जरूरी चीजें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें। भारतीय रिजर्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है इसलिए जब सीपीआई जमीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




हापुड़, 5 फरवरी 2026जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ के प्रांगण में गुरुवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल एवं ग्रुप डायरेक्टर डॉ. सुभाष गौतम द्वारा हवन-पूजन के साथ की गई। इस दौरान सभी ने विद्यार्थियों के सफल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।विदाई नहीं, नई शुरूआत का संदेश समारोह के दौरान विद्यालय का माहौल उस समय भावुक हो उठा जब शिक्षकों ने अपने प्रिय विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। शिक्षकों ने कहा कि यह अंत नहीं बल्कि जीवन के एक नए और गौरवशाली अध्याय की शुरूआत है। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए विदाई संदेश, गीत-संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।स्टूडेंट ऑफ द ईयरः रिया राणा स्टार ऑफ द बैचः सनोबिया फैशनिस्टाः सारा मोस्ट कॉन्फिडेंटः शिजा मोस्ट कोऑपरेटिवः शिवा मोस्ट डिसिप्लिन्डः कुशाग्र यंग अचीवरः हर्षित तोमर मिस्टर फेयरवेलः कुशाग्र मिस फेयरवेलः सनोबिया प्रेरक संदेश इस अवसर पर डॉ. निधि मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आप दुनिया के किसी भी कोने में रहें, अपनी मेहनत और व्यवहार से हमेशा स्कूल का नाम रोशन करें। यह विदाई केवल स्कूल जीवन की है, आपके सपनों की उड़ान अभी बाकी है।

# कपकोट में राष्ट्रीय एक्युरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** जनपद में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के तहत कपकोट क्षेत्र में पांच दिवसीय राष्ट्रीय एक्युरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। केदारेश्वर मैदान में क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया एवं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने जालेख से उड़ान भरकर केदारेश्वर मैदान में लैंडिंग की। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता के पहले दिन 30 प्रतिभागियों ने अपने कौशल और साहस का प्रदर्शन करते हुए उड़ानें भरीं।इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि देशभर से पैराग्लाइडर्स का जनपद में आगमन गर्व की बात है। उन्होंने आयोजकों एवं प्रशासनिक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निदेशों के क्रम में जनपद में साहसिक पर्यटन को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से पर्यटन गतिविधियों, स्थानीय अर्थव्यवस्था तथा समग्र विकास को गति मिलती है, साथ ही युवा वर्ग को नए अवसर एवं प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करने की अपील की। उन्होंने प्रतिभागियों से जनपद के प्रमुख पर्यटक एवं तीर्थ स्थलों के भ्रमण का भी आग्रह किया।विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि कपकोट में राष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड विश्व पटल पर पर्यटन के लिए विशेष पहचान रखता है।

पर्यटन को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ट्रैक रूटों, रेस्ट कैंपों एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह विष्ट ने कहा कि जनपद की प्राकृतिक सुंदरता और पर्वतीय भू-परिदृश्य पैराग्लाइडिंग जैसे साहसिक खेलों के लिए अत्यंत अनुकूल हैं।

# नेत्र चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नये युग की शुरूआत

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान जचौंदा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। संस्थान का ध्येय हर जीवन को प्रकाश से आलोकित करना है। इसी कड़ी में प्रवीन दलाल इन्स्टीट्यूट ऑफ आप्थमोलोजी नेत्र चिकित्सा शिक्षा मैं युवाओं को रोजगार देने एवं आत्म निर्भर बनाने में अहम संस्थान बनेगा।

इस अवसर पर साध्वी चित्रलेखा ने कहा जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। सेवा का काम बेहद चुनौतीपूर्ण लेकिन अच्छे कर्म ही मुक्ति मार्ग तक ले जाते हैं। विधायक मेघश्याम सिंह ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र रोग समाधान का राष्ट्रीय केन्द्र बन चुका है। श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कल्याणं करोति मानव कल्याण को समर्पित संस्था है। श्रीकृष्ण सबसे बड़े आप्थमोलोजिस्ट थे। अर्जुन के दृष्टिदोष को उन्होंने ठीक किया। अक्षयपात्र से अनंत वीर दास ने संस्थान सचिव के संकल्प को सराहा। भुवन भूषण कमल, सदस्य राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार ने कहा ब्रज की धरा पर सेवा का अवसर भाग्यशाली लोगों को ही मिलता है। संस्थान ब्रज वासियों की सच्ची सेवा करेगा। बाबा बलराम दास महाराज ने दानियों को साधुवाद दिया। महंत श्री सुतीक्ष्ण दास महाराज ने प्रकल्प को जन उपयोगी बताते हुए कहा युवाओं को करियर बनाने की दिशा में नया सवेरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने कहा दानियों के सहयोग से समाज में बहुत से सेवा प्रकल्पों से सच्ची सेवा चल रही है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वामी महेशानंद अध्यक्ष कल्याणं करोति ने कहा धन बहुतों के पास होता है लेकिन सब का धन भगवान एवं भक्तों की सेवा में नहीं लगता ?। इससे पूर्व अतिथियों ने स्वस्तिवाचन के मध्य विधि विधान पूर्वक पूजन कर भवन का लोकार्पण किया। अतिथि सत्कार संस्थान महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने व कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव ने किया। मंच पर 11 बच्चों को अतिथियों ने निःशुल्क चश्मे प्रदान किए। संस्थान जनपद हर बच्चे का निशुल्क नेत्र परीक्षण कर जरूरत मंद बच्चों को निशुल्क चश्मे प्रदान करने को संकल्पित है। मंचस्थ अतिथियों में दीनानाथ चौधरी, नरेंद्र मित्तल, अशोक टेंटीवाल, ए के सिंह, जगदीश लाल भाटिया, राजीव अग्रवाल, गोपाल प्रसाद अग्रवाल, विजय रेणुआ, सुशील कुमार अग्रवाल, उमाशंकर शर्मा, के के खण्डेलवाल, संस्कृति विधि के कुलाधिपति सचिन गुप्ता, मोहन लाल अग्रवाल, बी. डी. अग्रवाल (चेयरमैन), पुष्पाजंलि ग्रुप, मनोज कुमार यादव एसपी ट्रैफिक, राधेश्याम सिंघल, नरेन्द्र अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मूलचंद गर्ग, धनेश मित्तल, उमाकान्त अग्रवाल, हरिओम सोनी, सुरेश चंद्र सिंघल आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन सहभागी हुए। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान मथुरा गोवर्धन रोड जचौंदा परिसर में स्थापित प्रवीन दलाल इन्स्टीट्यूट आफ आप्थमोलोजी में बीएससी आप्टोमैट्री कोर्स में प्रवेश शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा से ही होगा। डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश होंगे।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दूसरे दिन प्रतियोगिता पूरे उत्साह और जोश के साथ आगे बढ़ी

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दूसरे दिन प्रतियोगिता पूरे उत्साह और जोश के साथ आगे बढ़ी। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देशभर से लगभग 885 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो भारतीय भारोत्तोलन की मजबूत प्रतिभा का प्रतीक हैं। आज 56 किग्रा यूथ पुरुष वर्ग एवं 60 किग्रा यूथ, जूनियर व सीनियर पुरुष वर्ग की प्रतिस्पधाएँ आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया। दर्शकों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. योगेश सिंघल आईएमए अध्यक्ष (मोदीनगर) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईडब्ल्यूएलएफ अश्वनी कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका मनोबल बढ़ाया ।यह संपूर्ण प्रतियोगिता द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा की कुशल देखरेख में अनुशासन एवं उच्च मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है ।पदक तालिका इस प्रकार रही: 56 किग्रा यूथ पुरुष वर्ग प्रथम झ धर्मज्योति देव गडिया (एसएससीबी)। 230 किग्रा, द्वितीय झ अपनानी प्रद्वि (आंध्र प्रदेश)। 215 किग्रा, तृतीय झ अरसलान (उत्तराखंड)। 212 किग्रा, 60 किग्रा यूथ पुरुष वर्ग प्रथम झ सुब्रत नायक (ओडिशा)। 232 किग्रा, द्वितीय झ मुकेश गमांगों (ओडिशा)। 225 किग्रा, तृतीय झ ओम कुमार (झारखंड)। 224 किग्रा, 60 किग्रा जूनियर पुरुष वगः प्रथम झ चेरतानिया (अरुणाचल प्रदेश)। 253 किग्रा, द्वितीय झ टी.एच. बन्नी सिंह (मणिपुर)।247 किग्रा, तृतीय झ इसक मालुसावतमलुलुंगा (मिजोरम)। 239 किग्रा, 60 किग्रा सीनियर पुरुष वर्ग प्रथम झ गुरु राजा पुजारी (कर्नाटक)। 269 किग्रा, द्वितीय झ सी.एच. ऋषिकांता सिंह (मणिपुर)। 266 किग्रा, तृतीयझ एस. गुरु नायडू (ररउइ)।265 किग्रा

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धा का उच्च स्तर देखने को मिल रहा है, जो भारतीय भारोत्तोलन के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। आगामी दिनों में भी प्रतियोगिता के और अधिक रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला जारी रहने की उम्मीद है।

## महिला सैल प्रभारी ने तीन दंपति को समझा कर एक साथ रहने हेतु किया राजी

बुलंदशहर एसएसपी के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में गुरुवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित हुए। प्रभारी बोबेश महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 03 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।


# मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में स्वच्छता रैली व जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान 5.0 के अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं विविध स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और व्यवहारिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करना रहा ।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ से अश्वनी कुमार एवं राजेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजेश तिवारी ने विद्यार्थियों को मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकरण तथा बजट से संबंधित क्विज प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी प्रदान की और युवाओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं समापन महाविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमर सिंह कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवी मुकुल शर्मा और अंकित ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर डॉ. राज कुमार, डॉ. कोमल गुप्ता, डॉ. शिवांगी त्रिवेदी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग से अनुपम अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर वसुधा शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ह्वस्वच्छता केवल पर्यावरण से ही नहीं, बल्कि हमारे विचार, आचरण और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जुड़ी हुई है।

## मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का आयोजन प्रत्येक 5 तारीख को किया जाएगा- सुनील शर्मा



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** स्वामी कल्याण देव नेत्र चिकित्सालय और वरदान नेत्र सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के सहयोग से फरीदनगर में मुफ्त आंखों की जांच और मुफ्त मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए किरण देवी मंसाराम धर्मार्थ चिकित्साल में कैंप का आयोजन किया गया ।कैंप में 65 लोगों की आंखों की जांच हुई जिसमें 14 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया आठ लोगो को मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन हेतु वरदान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गाजियाबाद ले जाया गया। बाकी 6 लोगों को शुगर और बीपी कंट्रोल की दवाई देकर के अगले माह जांच कर ऑपरेशन करने का समय दिया गया । इस निशुल्क कैंप के संयोजक सुनील शर्मा ने बताया कि यह कैंप प्रत्येक माह की 5 तारीख को फरीदनगर में किरण देवी मंसाराम धर्मार्थ चिकित्सालय में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर सुभाष चंद्र गुप्ता, विक्रांत सिंह, डॉ दीपांशु त्यागी, डॉक्टर कंचन,सोनम, रणपाल डिंपल शर्मा ,राशिद करीम और मूलचंद शर्मा आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** डीजीआर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत हवन के साथ की गई, जिसमें विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जूनियर विद्यार्थियों ने नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने सीनियर विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह और भावनाएँ देखने योग्य रहीं। विदाई समारोह में वंश को मि. डीजीआर तथा तनु को मिस डीजीआर के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन पूनम कुमारी द्वारा किया गया, जिसमें नीरज, गुड्डू गुप्ता, मोनिका सिंह, रेनू पाल आदि शिक्षक का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह तथा डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में अनुशासन, मेहनत एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## नाले में मिला किशोरी का अर्धनग्न शव, पुलिस शिनाख्त मे जुटी



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थाना क्षेत्र के सिकरी नाले में बृहस्पतिवार को एक 16 वर्षीय किशोरी का शव मिला। चरवाहों ने इसे देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस लाश की पहचान करने में जुटी रही, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिली है।

लाश की स्थिति देखने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के बाद एएसपी, सीओ और एसओ मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार, कठेला समय माता थाना क्षेत्र के सिकरी नाले के पास के पास पशुओं को चराने के लिए गए थे। इसी बीच नाले में अर्धनग्न किशोरी की लाश नजर आई। इसकी सूचना पर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चरवाहों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार प्रसाद, शोहरतगढ़ सीओ मयंक द्विवेदी, एसओ अभय सिंह व फॉरेंसिक यूनिट भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में कठेला समय माता एसओ अभय सिंह ने बताया कि एक 16 वर्षीय किशोरी की लाश मिली है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण (इडऊअ) ने गुलावठी क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सचल प्रवर्तन दल और पुलिस बल के सहयोग से कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। ग्राम भमरा और देवली उर्फ देव नगर सहित विभिन्न जगहों पर लगभग 300 बीघा समेत कई बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई सक्षम प्राधिकारी के निर्देशन में मजिस्ट्रेट, पीएसी, पुलिस व होमगार्ड की मौजूदगी में की गई। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ.अंकुर लाठर के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के तहत लोगों से बिना मानचित्र स्वीकृति निर्माण न करने और अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचने की अपील की गई है। प्राधिकरण ने बताया कि ध्वस्तीकरण और सीलिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अडींग ग्राम पंचायत सचिव का कार्यालय 15 दिन से बंद, ग्रामीण परेशान ऑनलाइन योजना के कार्य ठप

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र के गांव अडींग में ग्राम पंचायत सचिव का कार्यालय पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार बंद पड़ा है। पंचायत भवन में ताला लगे रहने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के जरूरी कार्यों के लिए पंचायत पहुंचने वाले ग्रामीण निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी वे किसी कार्य से पंचायत भवन पहुंचते हैं, वहां ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति नहीं मिलती और कार्यालय पर ताला लटका रहता है। इतना ही नहीं, कई बार फोन करने पर भी सचिव द्वारा कॉल रिसीव नहीं की जाती। ग्रामीण उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से पंचायत सचिव कार्यालय नहीं आ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं अमित सोनी ने कहा कि हम यही रहते है पर हमने देखा है कार्यालय कई दिनों से बंद है। ग्रामीण सोनू ठाकुर का कहना है कि फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता और पंचायत भवन में सचिव कार्यालय अधिकतर बंद रहता है। वहीं मनोज कुमार ने बताया कि सरकारी योजनाओं से जुड़े काम पूरी तरह से रुके हुए हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर जल्द समाधान की मांग की है, ताकि पंचायत स्तर पर कामकाज सुचारू रूप से चल सके। वहीं इस मामले को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जसवाल ने बताया कि अडींग ग्राम पंचायत सचिव पर दो पंचायतों का कार्यभार है और उन्हें सप्ताह में तीन दिन पंचायत कार्यालय में बैठना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव यतिन शर्मा और पंचायत सहायक राधा से जवाब तलब किया जाएगा।

# आयुध निमार्णी सीनियर क्लब के तत्वावधान में बैडमिंटन एवं चेस प्रतियोगिता संपन्न



**वेलकम इंडिया**

**मुरादनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** आयुध निमार्णी सीनियर क्लब के तत्वावधान में चल रही छह दिवसीय बैडमिंटन एवं चेस प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि हिना गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया, उन्होंने खेलों को अनुशासन व स्वस्थ जीवन का आधार बताया। बैडमिंटन डबल्स के फाइनल मुकाबले में दिव्यांश व कृष्णपाल की जोड़ी विजेता रही। बैडमिंटन सिंगल्स में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज सीनियर वर्ग में महेश और धीरेन्द्र मलिक विजेता रहे। बैडमिंटन जूनियर वर्ग में लवेश डागुर, अभिराम शर्मा ,तनुज राव और प्रणव शर्मा विजेता रहे। कार्यकारी निदेशक कमलेश कुमार एवं हिना गुप्ता द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुरली मनोहर जोशी ने किया। रेफरी निरंजन व सुनील मोहिल रहे। कार्यकारी निदेशक कमलेश कुमार, महाप्रबंधक संजीव नारंग, महाप्रबंधक अश्वनी मिश्रा, संयुक्त महाप्रबंधक अश्वनी भाटी, नवीन गहलोत, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# द्वितीय शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप (महिला व पुरुष ) का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।।** द्वितीय शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप (महिला व पुरुष ) का 1 से 3 फरवरी 2026 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन की महासचिव श्रीमती मोना सिंह रही ।कार्यक्रम के अध्यक्षता एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने की । समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किया। कनाडा टीम के कप्तान राजपाल सिंह को वर्ल्ड कप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुला अग्रवाल व शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने सभी खिलाड़ियों व फेडरेशन के अधिकारियों का सम्मान किया ।महिला वर्ग में भारत ने नेपाल को 21-16 ,21-5 से हराकर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया। म्यांमार की टीम तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में कनाडा ने भारत को 17-21, 21-15, 21-17 से हराकर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया। भारतीय टीम द्वितीय स्थान पर तथा न्यूजीलैंड टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रोजेक्ट ऑफिसर नवीन कुमार, एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के उपाध्यक्ष केशव कुमार बिष्ट, उपाध्यक्ष डॉ. ओ.पी. माचरा, संयुक्त सचिव लता शर्मा, सदस्य रणजीत काले, चौधरी अलई, परुशारामुडू,श्रीमती सुआ आचरा, दिल्ली शूटिंग बॉल असेंबली के अध्यक्ष वीरेंद्र शेरावत उपस्थित रहे ।

# प्रेस क्लब के सदस्यों ने वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत महेंद्र के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रेस क्लब मोदीनगर के सदस्यों ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत महेंद्र के निधन पर गुरुवार को गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेस क्लब के सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंथ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जाना पत्रकार जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। पत्रकारों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और कहां ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। पत्रकारों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पत्रकार राकेश शर्मा, अरुण शर्मा, चंद्रशेखर त्यागी, योगेश गुप्ता, अनिल वशिष्ठ, संजय तिवारी, ब्रह्मपाल सिंह, संजीव वर्मा,अनिल मित्तल, विकास वर्मा, आकाश चौधरी, दीपक त्यागी, आकाश शर्मा, अश्वनी त्यागी, शिवदेव, बिजेंदर भारती, आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था को मिली नई तकनीकी मजबूती, 03 स्मार्ट ट्रैफिक बूथों का शुभारंभ










वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था/यातायात) एवं पुलिस उपायुक्त, यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में जनसुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक व तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में यातायात पुलिस गाजियाबाद द्वारा 03 स्मार्ट यातायात बूथों की स्थापना की गई है। इन स्मार्ट यातायात बूथों का शुभारंभ पुलिस आयुक्त महोदय, गाजियाबाद द्वारा आज दिनांक 05 फरवरी 2026 को किया गया।

ये स्मार्ट बूथ यू.पी. गेट, गौर ग्रीन एवं कनावनी पुस्ता जैसे अत्यधिक यातायात दबाव वाले प्रमुख चौराहों/स्थलों पर स्थापित किए गए हैं, जहाँ यातायात नियंत्रण, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की विशेष आवश्यकता रहती है। स्मार्ट यातायात बूथों के माध्यम से ट्रैफिक पुलिस को आधुनिक तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे यातायात संचालन अधिक प्रभावी होगा तथा आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

## बीएलए-2 की अनदेखी और फॉर्म-7 के दुरुपयोग पर जिलाधिकारी से त्वरित हस्तक्षेप की मांग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** निर्वाचन प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही और संभावित पक्षपात के आरोपों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) की अनदेखी और फॉर्म संख्या-7 के कथित दुरुपयोग को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व में जिलाधिकारी को सौंपे गए बीएलए-2 की सूची संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) तक नहीं पहुंचाई गई, जिसके चलते पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए-2 अपने-अपने क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य से प्रभावी रूप से जुड़ नहीं पा रहे हैं। जब बीएलए-2 बीएलओ से संपर्क कर अपना परिचय दे रहे हैं, तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि उनके नामों की कोई अधिकृत सूची उपलब्ध नहीं है। कांग्रेस ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कहा कि इससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही कांग्रेस को लगातार यह शिकायत मिल रही है कि एक विशेष राजनीतिक दल के कार्यकताओं द्वारा बड़े पैमाने पर फॉर्म संख्या-7 जमा किए जा रहे हैं।

## औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छता व विकास पर डीएम सख्त, अतिक्रमण पर होगी कड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने, स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औद्योगिक विकास, बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने स्वच्छता, नियमित सफाई, सड़कों के निर्माण व मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा जैसे विषयों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डीएम ने यूपीसीडा सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं, आवश्यकताओं और प्रस्तावित विकास कार्यों को क्रमवार पीपीटी के माध्यम से बैठक में प्रस्तुत किया जाए, जिससे ठोस और त्वरित निर्णय लिए जा सकें। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में फैले अवैध अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को ऐसे कब्जों को चिन्हित कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योगों को आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत होकर उनके समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया और कहा कि प्रशासन उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में कराए जाने वाले विकास कार्यों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए बजट प्रावधानों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे उद्योगों का संचालन सुचारु रूप से हो सके और जनपद में निवेश को प्रोत्साहन मिले। बैठक में अपर जिलाधिकारी एल/ए, अपर जिलाधिकारी (नगर) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग पर प्रशासन का सख्त प्रहार, नियम तोडे वालों पर कड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने, यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और सड़कों को हो रही क्षति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग, गाजियाबाद ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। परिवहन विभाग द्वारा यह विशेष अभियान मोहननगर, इंदिरापुरम, मेरठ रोड और पेरिफेरल रोड सहित प्रमुख मार्गों पर चलाया गया, जहां प्रवर्तन दलों ने नियमित और आकस्मिक दोनों प्रकार की जांच की। जांच के दौरान निर्धारित भार क्षमता से अधिक माल लादकर चल रहे वाहनों को चिन्हित किया गया और उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई। बुधवार देर रात को ओवरलोडिंग एवं प्रपत्रों की वैधता न होने के मामलों में कुल 25 वाहनों को निरुद्ध किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों और चालकों को भविष्य में ओवरलोडिंग से बचने की सख्त चेतावनी दी गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग के कारण सड़कों को शीघ्र नुकसान पहुंचता है, दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है और आमजन की जान-माल को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। इन्हीं कारणों को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त नीति अपनाई गई है, जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।



## पांच एसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त गाजियाबाद ने प्रशासनिक दृष्टि से बड़ा कदम उठाते हुए जनपद में पांच सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) की जिम्मेदारियों में फेरबदल किया है। यह बदलाव कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से किया गया है। भोजपुर थाना क्षेत्र में सामने आए पासपोर्ट फजीवाड़े के मामले के बाद एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना को उनके वर्तमान पद से हटाते हुए एसीपी क्राइम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह अब तक एसीपी क्राइम के पद पर तैनात भास्कर वर्मा को एसीपी मोदीनगर का चार्ज दिया गया है। इसी क्रम में एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद को नंदग्राम सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं नंदग्राम में तैनात एसीपी उपासना पांडेय को कोतवाली सर्किल का नया प्रभारी बनाया गया है। अब तक एसीपी कोतवाली के पद पर कार्यरत रितेश त्रिपाठी को एसीपी ट्रैफिक की कमान सौंपी गई है। पुलिस विभाग के अनुसार यह फेरबदल नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न सर्किलों में प्रभावी नियंत्रण, बेहतर समन्वय और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नए प्रभार ग्रहण करने वाले अधिकारियों से अपने–अपने क्षेत्रों में कानून–व्यवस्था को और मजबूत करने की अपेक्षा की जा रही है।

## प्रदूषण में देश में दूसरे नंबर पर गाजियाबाद

**साहिबाबाद।** जिले में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण ने आमजन की सेहत पर गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एप पर जारी बुलेटिन के अनुसार गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 363 दर्ज किया गया, जिसके साथ जिला देश के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। मंगलवार को जहां गाजियाबाद प्रदूषण के मामले में पहले पायदान पर था, वहीं बुधवार को बल्लभगढ़ 370 एक्यूआई के साथ पहले और गाजियाबाद दूसरे स्थान पर रहा। प्रदूषण की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक लोनी क्षेत्र में रही, जहां हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई और एक्यूआई 400 तक पहुंच गया। इसके अलावा इंदिरापुरम में एक्यूआई 397 और वसुंधरा में 395 दर्ज किया गया, जिससे इन क्षेत्रों में भी सांस लेना मुश्किल होता जा रहा है। संजयनगर में प्रदूषण का स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा, जहां एक्यूआई 259 दर्ज किया गया, लेकिन यह भी स्वास्थ्य के लिहाज से सुरक्षित नहीं माना जा रहा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लगातार निगरानी और नगर निगम तथा नगर पालिकाओं की कवायद के बावजूद जिले में प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। सुबह के समय धुंध के कारण लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। कूड़े के जलने और ठंड से बचाव के लिए सुबह व रात के समय जलाए जाने वाले अलाव भी प्रदूषण को और बढ़ा रहे हैं।

## युवक ने की आत्महत्या, पत्नी से विवाद के बाद उठाया कदम

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना से पहले युवक का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार चार फरवरी की शाम सराय नजर अली निवासी रेखा ने बजरिया पुलिस चौकी पहुंचकर सूचना दी कि उनके 26 वर्षीय दामाद ओमपाल ने घर के अंदर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने बताया कि ओमपाल को गंभीर अवस्था में तुरंत जिला एमएमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 8 फरवरी को राजनगर में होगा भव्य हिंदू सम्मेलन, मुख्य वक्ता होंगे एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय

अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आगामी 8 फरवरी को राजनगर सेक्टर-3 स्थित पार्क में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. के.पी. गुप्ता करेंगे, जबकि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में समाज को संबोधित करेंगे।




इस अवसर पर हिंदू समाज की एकता, सामाजिक चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। डॉ. के.पी. गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में हिंदू समाज के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं, ऐसे में समाज को संगठित कर हिंदू एकता की चेतना को जाग्रत करना ही इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय का मार्गदर्शन समाज के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। सम्मेलन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सम्मेलन से पूर्व 6 फरवरी को सेक्टर-9 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर से राजनगर तक विशाल बाइक-कार रैली भी निकाली जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान समिति के सचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, राजनगर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सीए डी.के. गोयल, रामलीला समिति अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता सहित पी.के. गुप्ता, राकेश चावला, किरण मक्कड़, गगन अरोड़ा, सौरभ गर्ग, देवेंद्र हितकारी, रेखा अग्रवाल, ममता गुप्ता, धुरेंद्र कुमार गोयल, अमरीश कुमार त्यागी, जे.पी. राणा, विनोद गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना मोदीनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद के मु0अ0सं0 98/2014 धारा 308 भा0द0वि0 बनाम विशाल जाट आदि, मे अभियुक्त विपिन शर्मा पुत्र मुन्ना लाल निवासी सौदा रोड शिव मन्दिर के पास मोदीनगर, गाजियाबाद वांछित एवं फरार है । माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय गाजियाबाद द्वारा अभियुक्त विपिन शर्मा पुत्र मुन्ना लाल उपरोक्त के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा जारी की गयी है । अभियुक्त विपिन शर्मा पुत्र मुन्ना लाल उपरोक्त यदि समय से माननीय न्यायालय या मुझ विवेचक के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो अभियुक्त के विरुद्ध धारा 85 बीएनएसएस (कुर्की) हेतु रिपोर्ट माननीय न्यायालय प्रेषित कर दी जायेगी ।

**उ0नि0 अमित कुमार थाना मोदीनगर कमि0 गाजियाबाद**